कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी सम्भल वन प्रभाग, सम्भल।

पत्रांक–1154/14–1 (कैम्प चन्दौसी) दिनांक, 28/12/2015

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

विषयः– ग्राम सराय ब्राहमण तह0 गुन्नौर जिला सम्भल स्थित गाटा सं0– 29 पर मै0 एस्सर आयल लि0, नोएडा के रिटेल आउटलेट (पैट्रोल पम्प) स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कम में अवगत कराना है कि जनपद सम्भल के मै0 एस्सर आयल लि0 नोएडा द्वारा एस0एच0 18 (मेरठ–सहसवान–बदायूं मार्ग) किमी0 150 की वांयी पट्री में रिटेल आउटलेट (पैट्रोल पम्प) पर वाहनों के आवागमन हेतु पहुॅच मार्ग का निर्माण हेतु क्षेत्रफल 0.075028 है0 संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी कार्य प्रस्तावित है, जिसके कारण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाना है।

अतः वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में विषयक प्रस्ताव एम0ओ0ई0एफ0 बेवसाईट पर डी0एफ0ओ0 सम्भल के स्तर से फार्म–।। अपलोड कर दिया गया है तथा प्रस्ताव चार प्रतियों में संलग्न कर संस्तुति सहित प्रेषित किया जा रहा है। कृपया अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही कर प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करना चांहे।

संलग्नक– यथोपरि।

भवदीय,

(एम0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सम्भल वन प्रभाग सम्भल।

पत्रांक– / दिनांकित

प्रतिलिपि– श्री गुलशन सेठी डिवीजनल मैनेजर एस्सार आयल लि0, नोएडा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(एम0पी0 सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
सम्भल वन प्रभाग सम्भल।